Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take adequate remedial measures to prevent land erosion caused by Ganga, Kosi and Mahananda rivers in Katihar Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): बिहार राज्य के अंतर्गत हमारे संसदीय क्षेत्र कटिहार में गंगा, कोशी और महानन्दा तीन प्रमुख नदियां बहती हैं तथा कारी कोशी, बरहन्डी नदी तथा कोशी नदी हमारे कटिहार में आकर गंगा नदी में मिलती हैं। इससे कटिहार जिला अन्तर्गत मनिहारी प्रखण्ड के गोलाघाट, मेदिनीपुर तथा कुर्सेला प्रखण्ड में पत्थर टोला और अमदाबाद प्रखण्ड में बहुत से ऐसे दर्जनों गाँव हैं जो हर वर्ष गंगा नदी के तेज बहाव तथा भीषण कटाव से प्रभावित होते हैं।

मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से मांग करता हूँ कि गंगा नदी एंव कोशी और महानन्दा नदी के कटाव से बचने के लिए कटाव रोधक/बोल्डर पिचिंग, रिंग बांध (ठोकर) द्वारा इसका स्थायी निर्माण कराया जाये।